**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR**
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan)
(राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय)
("RUSA BHAWAN", Shiksha Sankul, JLN Marg, Jaipur – 302015)
(रूसा ब्लॉक– भूतल, डॉ. आर. के. शिक्षा संकुल, जयपुर–302015)
Phone No- 0141-2940506, 0141-4082630
www.alujaipur.ac.in Email- coe@alujaipur.ac.in

क्रमांक : 4(3) परीक्षा / अविवि / 2024–25 / 3999 दिनांकः 29.11.2024

–:सूचनाः–

## सत्र 2024–25 के परीक्षा फार्म भरने से पूर्व अभ्यर्थियों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024–25 के सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के नामांकन / पात्रता फार्म व परीक्षा फार्म शीघ्र ही जारी किये जा रहे हैं। भावी परीक्षार्थी, परीक्षा फार्म व नामांकन / पात्रता फार्म भरने से पूर्व निम्न बिन्दूओं का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें व तदनुसार परीक्षा फार्म प्रारम्भ होने से पूर्व समस्त कार्यवाही पूर्ण कर लेवें। परीक्षार्थी परीक्षा फार्म प्रारम्भ होने से पूर्व अपनी ABC ID रजिस्टर कर लेवें, साथ ही आधार डाटा में नाम, जन्मतिथि, जेंडर, पता, मोबाईल नम्बर इत्यादि अपडेट कर लेवें तथा समस्त वांछित दस्तावेजों की हार्ड कॉपी, सॉफ्ट कॉपी व फोटो तथा हस्ताक्षर की सॉफ्ट कॉपी तैयार रखें।

**ABC ID हेतु निर्देश :**

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक D.O. No. F.1-50/2021(ABC/NAD) दिनांक 21.02.2023 के निर्देशानुसार परीक्षा वर्ष 2024 से परीक्षा आवेदन–पत्र में ABC ID को अनिवार्य किया गया है। अतः समस्त अभ्यर्थी सत्र 2024–25 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपनी ABC ID (Academic Bank of Credits) बनाना सुनिश्चित करें। ABC ID Ministry of Education, Government of India की वेबसाईट http://www.abc.gov.in पर visit करके निःशुल्क बनाई जा सकती है।
2. ABC ID निर्मित करने हेतु आवश्यक विस्तृत दिशा निर्देश एवं लिंक विश्वविद्यालय वेबसाईट www.alujaipur.ac.in व www.aluexam.in पर भी उपलब्ध है।
3. अभ्यर्थी परीक्षा आवेदन पत्र प्रारम्भ होने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि उसका व्यक्तिगत विवरण यथा नाम, फोटो, जेंडर, जन्मतिथि आदि विवरण अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका, आधार कार्ड तथा ABC ID में समान हो। साथ ही विश्वविद्यालय रिकार्ड में अभ्यर्थी का मोबाईल नम्बर व आधार कार्ड में अभ्यर्थी का मोबाईल नम्बर एक समान होना चाहिए। यदि किसी भी विवरण में अन्तर है तो तुरन्त प्रभाव से अपने आधार कार्ड में संशोधन / अपडेट करें व तत्पश्चात् ही ABC ID बनावें।
4. ABC ID निर्मित होने के बाद व विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्म प्रारम्भ होने पर अभ्यर्थी www.aluexam.in पर जाकर वांछित सूचनाऐं प्रदान कर व अपने मोबाईल नं. पर ओटीपी प्राप्त कर परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकेंगें। अतः अभ्यर्थी द्वारा मोबाईल नं. एवं ई–मेल सहित अन्य समस्त सूचनाऐं सही भरी जानी आवश्यक हैं।

**बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा जारी परिपत्र कमांक BCI:D:5186/2024 (LE Circular No.13/ 2024) दिनांक 24.09.2024 की पालना हेतु निर्देश :**

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों / अभ्यर्थियों द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि जांच प्रणाली कार्यान्वयन, एक समय में एक से अधिक डिग्री और / या नियमित शैक्षणिक कार्यक्रम, रोजगार की स्थिति, उपस्थिति अनुपालन और बायोमेट्रिक उपस्थिति, महाविद्यालयों में सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता की घोषणा हेतु बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा जारी परिपत्र की पालना सुनिश्चित करने के संबंध में विधि शिक्षा में अध्ययनरत प्रत्येक अभ्यर्थी से निम्नांकित बिन्दुओं पर घोषणा / वचन–पत्र (Undertaking) लिया जाना है :

1. आपराधिक पृष्ठभूमि जांच (Criminal Background Check)
2. एक समय में एक से अधिक डिग्री (नियमित शैक्षणिक कार्यक्रम) (simultaneous Degree and/or regular academic programs)
3. रोजगार की स्थिति और उपस्थिति अनुपालन (Employment Status and Attendance Compliance)

पृष्ठ...2...

29/11/24

अतः प्रत्येक प्रवेशित अभ्यर्थी व समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय उक्त जारी निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करेंगें। किसी भी प्रकरण में उक्त उल्लेखित बिन्दुओं के उल्लंघन की दशा में संबंधित अभ्यर्थी व महाविद्यालय के विरूद्ध बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा गम्भीर अकादमिक व विधिक शास्ति आरोपित की जावेगी।

## ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देश :

प्रायः यह पाया गया है कि अभ्यर्थी अपने परीक्षा फार्म में वांछित समस्त विवरण की प्रविष्टियॉ या अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज उचित प्रकार से नहीं भरते/अपलोड नहीं करते हैं, जिस कारण अनावश्यक रूप से परीक्षा में बैठने से अभ्यर्थी को रोका जाता है अथवा परीक्षा परिणाम रोका जाता है, अतः परीक्षा फार्म भरने से पूर्व निम्न वर्णित निर्देशों की पालना करें :–

1. परीक्षा फार्म में परीक्षार्थी के स्वंय का नाम, पिता का नाम व माता का नाम अंग्रेजी व हिन्दी में अंतिम अर्हकारी परीक्षा के अनुरूप, जो कि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में अभ्यर्थी के रजिस्ट्रेशन के समय भरा गया है, को ही दर्शाया जावेगा। अक्षरों की मात्राओं में किसी प्रकार का संशोधन होने पर परीक्षा फार्म भरने से पूर्व संबंधित महाविद्यालय से सुधार हेतु सम्पर्क करें।
2. जन्म तिथि का अंकन 10वीं की अंकतालिका अथवा जन्म प्रमाण–पत्र के अनुरूप करना सुनिश्चित करें। प्रमाणस्वरूप दस्तावेज अपलोड करें।
3. अभ्यर्थी अपनी नवीनतम पासपोर्ट साइज कलर फोटो व हस्ताक्षर जो कि नियत साईज में हो, अपलोड किया जावेगा। गलत फोटो व हस्ताक्षर की दशा में परीक्षा प्रवेश पत्र व अन्य दस्तावेजों में गलत अनुसार ही प्रिन्ट होगा व परीक्षा के दौरान परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है, जिसका अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।
4. अभ्यर्थी का फोटोग्राफ रंगीन और 2 इंच X 2 इंच (51 मिमी X 51 मिमी) आकार का होना चाहिए। फोटोप्रिंट स्पष्ट और निरंतर टोन गुणवत्ता वाला होना चाहिए। अभ्यर्थी का चेहरा पूरा दिखाई देना चाहिए, सामने की ओर दृश्य होना चाहिए, आंखें खुली होनी चाहिए। फोटो में बालों के ऊपर से लेकर ठुड्डी के नीचे तक पूरा सिर दिखना चाहिए। फ्रेम के भीतर केंद्र शीर्ष। पृष्ठभूमि सादा सफेद या मटमैला सफेद होना चाहिए। चेहरे पर या पृष्ठभूमि पर कोई ध्यान भटकाने वाली छाया या बेकग्राउंड में अन्य कोई आकृति नहीं होनी चाहिए। धार्मिक कारणों को छोड़कर सिर ढंकने की अनुमति नहीं है, लेकिन ठोड़ी के नीचे से माथे के ऊपर तक चेहरे की विशेषताएं और चेहरे के दोनों किनारों को स्पष्ट रूप से दिखाया जाना चाहिए।

   यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा गलत/अस्पष्ट/किसी अन्य की फोटो/किसी अन्य के हस्ताक्षर अपलोड किये हैं, तो महाविद्यालय ऐसे फार्म स्वीकार नहीं कर आवश्यक संशोधन करवायेंगें व किसी भी दशा में गलत फोटो/हस्ताक्षरयुक्त फार्म विश्वविद्यालय को अग्रेषित पर संबंधित अभ्यर्थी व संस्था प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगें।
5. फोटो, हस्ताक्षर, दस्तावेज अपलोड करते समय जिस फार्मेट (**PDF, JPEG, JPG, GIF**) व साईज में अनुमत किया गया है, उसी फार्मेट व साईज में अपलोड किया जावें।
6. यदि आप पूर्व में इस वि.वि. में नामांकित (**Enrolled**) है तो **Yes** दर्ज करें व कॉलम में इस वि.वि. द्वारा जारी नामांकन क्रमांक (**Enrolment No.**) लिखें। यदि नहीं तो, **No** दर्ज करें।

   **स्पष्टीकरणः–** नामांकन (Enrolment) से आशय है कि यदि अभ्यर्थी द्वारा वर्तमान प्रवेशित कोर्स से पूर्व किसी अन्य विधि पाठ्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर के किसी सम्बद्ध विधि महाविद्यालय में प्रवेश लिया है तथा अभ्यर्थी को वि.वि. द्वारा नामांकन क्रमांक वर्ष/क्रमांक जारी हुआ, तो उस नामांकन क्रमांक (Enrolment number) का उल्लेख करें अन्यथा नहीं का चयन कर नामांकन व पात्रता फार्म भरना सुनिश्चित करें।
7. अर्हकारी कक्षा (**Eligibility class**) से सम्बन्धित सूचना भरते समय अर्हकारी कक्षा की सही–सही जानकारी

पृष्ठ...3...



29/11/24

जिस अनुसार परीक्षा फार्म में मांगी जावे, यथा कक्षा का नाम, रोल नं., अधिकतम अंक, प्राप्तांक, श्रेणी, CGPA (यदि हो तो) व प्रतिशत के अनुसार ही भरें। अर्हकारी कक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की गलत सूचना की दशा में अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है, जिसका अभ्यर्थी स्वंय जिम्मेवार होगा।

8. विश्वविद्यालय में प्रथम बार प्रवेशित छात्रों को नामांकन/पात्रता फार्म भरना अनिवार्य है। जिस हेतु पूर्व उत्तीर्ण विश्वविद्यालय परीक्षा/बोर्ड परीक्षा से जारी प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, अतः यदि यह प्रमाण–पत्र प्राप्त नहीं किया गया है तो उसे तुरन्त प्रभाव से संबंधित विश्वविद्यालय/बोर्ड से जारी करवाकर मूल प्राप्त कर लेवें।
9. जिस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, उस पाठ्यक्रम हेतु उत्तीर्ण अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका व डिग्री प्राप्त कर लेवें।
10. परीक्षार्थी जिनके पूर्व वर्ष/सेमेस्टर के Due Papers/Improvement Paper हैं, वे परीक्षा आवेदन–पत्र भरते समय प्रश्न पत्रों का चयन सावधानीपूर्वक भरें। परीक्षा फार्म भरने के पश्चात प्रश्न–पत्रों में किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा। परीक्षा आवेदन–पत्र भरने से पूर्व संबंधित सत्र व कक्षा हेतु लागू पाठ्यक्रम तथा परीक्षा स्कीम का उचित अवलोकन कर लेवें।
11. परीक्षा आवेदन पत्र के साथ वांछित दस्तावेजों को सही तरीके/Clear Visibility से स्कैन कर अपलोड किया जावे। अस्पष्ट दस्तावेज अपलोड करने/अस्पष्ट दस्तावेज संलग्न करने की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी व महाविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार होंगें।
12. परीक्षा फार्म के साथ मुद्रित शपथ–पत्र व सत्यापन उचित प्रकार से पढने के पश्चात् ही हस्ताक्षर करे।
13. परीक्षा फार्म, नामांकन/पात्रता फार्म व शुल्क की मूल प्रति, समस्त वांछित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटो प्रति व प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति संलग्न करें। यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जाता है तो इस आशय का संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश व इस विश्वविद्यालय के निर्धारित प्रोफार्मा में शपथ–पत्र (मूल) परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। अपूर्ण दस्तावेजों के साथ फार्म स्वीकार्य नहीं होगा।
14. परीक्षा फार्म भरने के पश्चात् परीक्षा फार्म की स्व–हस्ताक्षरित मूल प्रति मय संलग्नको के साथ वि.वि. द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व संबंधित महाविद्यालय में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जावेगा। साथ ही भरे गये परीक्षा फार्म की एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें। परीक्षा फार्म, नामांकन/पात्रता फार्म अन्य वांछित संलग्नक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी के नियत तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा ना होने पर ऑनलाईन फार्म स्वतः निरस्त माना जावेगा।
15. परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु संबंधित महाविद्यालय अथवा वि.वि. वेबसाईट से ही सम्पर्क करें। अन्य भ्रामक जानकारी से बचें। विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024–25 में परीक्षा फार्म भरने का कार्यक्रम शीघ्र ही जारी किया जावेगा।

परीक्षा फार्म व परीक्षा संबंधी जानकारी व सूचनाओं हेतु अपने संबंधित महाविद्यालय व विश्वविद्यालय वेबसाईट www.alujaipur.ac.in व www.aluexam.in के सतत सम्पर्क में रहें।

29/11/24

(डॉ. नीरज जैन)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : 4(3) परीक्षा/अविवि/2024–25/4000

दिनांकः 29.11.2024

प्रतिलिपि निम्न को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध विधि महाविद्यालय, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर. कृपया महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र/छात्रा को सूचित करना सुनिश्चित करें व उचित कार्यवाही करावें।

29/11/24

परीक्षा नियंत्रक